आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 18 लखनऊ, शुक्रवार 14 अगस्त से 20 अगस्त, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## बाधित विद्युत आपूर्ति के प्रकरण की जांच स्पेशल टास्क फोर्स से कराई जाए : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बुधवार को बिजली उपभोक्ताओं की बाधित विद्युत आपूर्ति के प्रकरण की जांच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जांच दोषी पाये गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाय। योगी गुरूवार को यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार को कतिपय क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं की बाधित विद्युत आपूर्ति के प्रकरण की जांच एस.टी.एफ. से कराई जाय। जांच के बाद इस मामले में दोषी पाए गए लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर वाले हजारों विद्युत उपभोक्ताओं की बुधवार को जन्माष्टमी के दिन घंटो बिजली गुल रही। माना जा रहा है कि पॉवर कारपोरेशन के शक्तिभवन मुख्यालय में गड़बडी हुई है। इस



मामले में ऊर्जा मंत्री ने कारपोरेशन के अध्यक्ष को जांच कर २४ घंटे में रिपोर्ट देने के लिये कहा है और भविष्य में इस तरह की गल्तिया न हो इसके लिये भी जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। राजधानी लखनऊ के अलावा ऊर्जा मंत्री के क्षेत्र मथुरा, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों के उपभोक्ता प्रभावित हुए है। स्मार्ट मीटर का संचालन लखनऊ स्थित शक्ति भवन के नियंत्रण कक्ष से होता है। गड़बड़ी की सूचना पर देर रात पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम के साफ्टवेयर–हार्डवेयर में तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण स्मार्ट मीटर वाले विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति कुछ घंटे के लिए बंद हुई थी जिसे बहाल कर दिया गया है। उधर, सूत्रों का कहना कि कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मियों ने शरारत या लापरवाही में गलत कमांड दे दिया, जिससे सॉफ्टवेयर के साथ ही हार्डवेयर में भी गड़बड़ी आ गई।

## उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस को लेकर में हाईअलर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले हाईअलर्ट जारी किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) और महानिरीक्षक (आईजी) के ओहदे वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संवेदनशील जिलों में कैंप करेंगे। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश–नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है और नेपाल की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। एडीजी (कानून और व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा कि सभी जिला पुलिस प्रमुखों को अपने क्षेत्र में संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और चेकिंग बढ़ाने के लिए कहा गया है। उन्होंने आगे कहा, "सीमावर्ती दिल्ली और एनसीआर में गुरुवार से यातायात प्रतिबंध लागू किया जाएगा और यह १५ अगस्त की मध्यरात्रि तक जारी रहेगा। डीजीपी मुख्यालयों ने जिला पुलिस प्रमुखों को बसों, रेलवे स्टेशनों और जिला के सीमाओं पर सिक्योरिटी ड्रील करने और जांच करने का निर्देश दिया है। एडीजी ने आगे कहा कि सभी जिला पुलिस प्रमुखों और दोनों पुलिस आयुक्तों को विशेष रूप से बेंगलुरु की घटना के बाद सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटों पर कड़ी



निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अयोध्या के आसपास के जिलों में कैंपिंग जारी रखने के लिए निर्देशित किया गया है। एडीजी आशुतोष पांडेय अमेठी में कैंप करेंगे, एडीजी अशोक कुमार गोंडा में, बहराइच में एडीजी राम कुमार, बाराबंकी में आईजी विजय भूषण, सुल्तानपुर में आईजी विजय प्रकाश, बस्ती में आईजी ए. के. राय, अंबेडकर नगर में आईजी पीयूष मोरदिया, महाराजगंज में डीआईजी चंद्र प्रकाश और डीआईजी आरके भारद्वाज सिद्धार्थनगर में कैंप करेंगे।

## दिल्ली में रातभर हुई बारिश, कई इलाकों में भरा पानी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रातभर बारिश के बाद बृहस्पतिवार सुबह भी बारिश जारी रही, जिससे शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज भी बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े पांच बजे तक पालम वेधशाला में ८६ और सफदरजंग मौसम केन्द्र में ४२.४ मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार बुधवार शाम तक शहर में अगस्त में होने वाली बारिश की तुलना में इस साल अब तक ७२ प्रतिशत कम बारिश हुई थी। पिछले १० साल में यह सबसे कम बारिश है। आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केन्द्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में "रात भर बारिश जारी रही" और आज दिन में भी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मनसून की अक्षरेखा दिल्ली–एनसीआर के करीब बनी हुई है। इसके अलावा, दक्षिण–पश्चिम उत्तर प्रदेश पर एक चक्रवाती परिसंचरण है। अरब सागर से उठी दक्षिण–पूर्वी हवाओं और बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाओं से आर्द्रता बनी है। उन्होंने बताया कि अगले दो–तीन दिनों तक हल्की बारिश जारी रहेगी।

## स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन कोविड–१६ गाइडलाइन के तहत होगा : डीएम

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। लखनऊ के जिलाधिकारी (डीएम) अभिषेक प्रकाश ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सम्बन्धी कार्यक्रमो का आयोजन कोविड–१६ महामारी संक्रमण के बचाव के लिए नियमों का अक्षरशः पालन करते हुए किया जाये, जिससे राष्ट्रीय पर्व की गरिमा व महत्व की जानकारी जन–जन तक पहुंचे तथा राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की भावना में वृद्धि हो। प्रकाश ने आज यहां बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लखनऊ शहर के चौराहों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, पेट्रोल पम्पों, वाणिज्य संस्थानों नगर निगम के पार्को, बाजारों में प्रत्येक दुकान पर तिरंगा झण्डा लगाने व देशभक्ति के गीतों का प्रसारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोविड–१६ के मद्देनजर इस वर्ष नागरिक सुरक्षा संगठन १५ अगस्त को प्रातः साढ़े छह बजे लखनऊ शहर के समस्त डिवीजनल वार्डेन अपने–अपने क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा संगठन के कार्मिको द्वारा प्रभात–फेरियॉ आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी सभी मन्दिरों, गुरूद्वारों, गिरजाघरों, बहाई धर्म स्थलों, एवं बौद्ध धर्म स्थलों पर अन्य धर्म स्थलों पर विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन कोविड–१६ के दृष्टिगत धर्म स्थलों पर गाइड लाइन एवं मेडिकल प्रोटोकाल के अनुसार आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः सभी सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों ,स्कूलों, कालेजों, ग्राम सभाओं, ब्लाकों, तहसीलों पर झण्डारोहण का कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय गायन होगा। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट प्रांगण में गत वर्ष की भांति ध्वजारोहण के पश्चात् स्वतंत्रता



संग्राम सेनानियों को शाल भेंटकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अपरान्ह तीन बजे से क्रिश्चियन डिग्री कालेज, गोलागंज लखनऊ से प्रारम्भ होकर शहीद स्मारक तक एक मार्चपास्ट का आयोजन किया गया है जिसमें अर्द्धसैनिक एवं पुलिस बलों, एनसीसी कैडेट्स, भूतपूर्व सैनिको द्वारा मार्चपास्ट दल, बैण्ड वादन आदि टोलियां प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि शाम पांच से साढ़े छह बजे के मध्य गांधीभवन में शहीदों के प्रति सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कोविड–१६ महामारी के बचाव के लिए कोविड हेल्प डेस्क की व्यवस्था के साथ आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गत वर्षो की भांति सैनिक कल्याण अधिकारी पुलिस व अन्य बलों के बैण्ड वादको का प्रदर्शन का प्रदर्शन १४ अगस्त की शाम पांच बजे रिजर्व पुलिस लाइन में किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि अलकृत प्रकाश व्यवस्था के तहत पेट्रोल पम्प, धार्मिक स्थल / बाजार, होटल, बैंक, हुसैनाबाद ट्रस्ट, की इमारतों, एलडीए के पार्को, नगर निगम के पार्को, सिनेमा हालों, सभी सरकारी व गैर सरकारी भवनों, ऐतिहासिक इमारतों अधिष्ठानों/प्रतिष्ठानों एवं ग्राम, नगर, ब्लाक के भवनों पर १४ व १५ अगस्त को विद्युत की भव्य सजावट की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि १४ अगस्त को सियोना रेजीडेंसी, चारबाग के पीछे कवि सम्मेलन एवं मुशायरा संयुक्त रूप से आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा प्रात आठ बजे से अपरान्ह दो बजे तक मलिन बस्तियों में चिकित्सा शिविर लगाये जायेंगे जबकि १५ अगस्त को श्रीराम औद्योगिक अनाथालय तथा प्रयाग नारायण रोड़ स्थित बालगृह में फल एवं मिष्ठान वितरण किया जायेगा।

# सम्पादकीय

## कोरोना से मरने वालों की संख्या में भारत चौथे स्थान पर

कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या में भारत अब चौथे स्थान पर पहुंच गया है। अब तक ब्रिटेन चौथे स्थान पर था, जिसे भारत ने पीछे छोड़ दिया है। भारत में मरने वालों का आंकड़ा ४८ हजार से ऊपर पहुंच गया है। ब्रिटेन में मरने वालों की संख्या ४७ हजार के करीब थी पर उसने अपने यहां मरने वालों की संख्या में पांच हजार से ज्यादा कमी की है, जिसके बाद अब उसके यहां मरने वालों की संख्या ४१ हजार रह गई है। अगर वह कमी नहीं भी करता तब भारत में मरने वालों की संख्या उससे ज्यादा हो गई है। अब भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, ब्राजील और मेक्सिको हैं। जहां तक संक्रमितों का मामला है तो भारत में संक्रमितों की संख्या २४ लाख से ऊपर पहुंच गई है। गुरुवार को रात नौ बजे तक देश में ६५ हजार के करीब नए मामले आए थे, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या २४ लाख ६० हजार से ऊपर पहुंच गई थी। देश में एक्टिव केसेज की संख्या छह लाख ६२ हजार से ज्यादा हो गई है। गुरुवार को देर शाम तक १,०३३ लोगों के मरने की खबर आई थी, जिसके बाद मरने वालों की संख्या ४८,१७१ हो गई। देश में सबसे ज्यादा संक्रमित महाराष्ट्र में गुरुवार को ११,८१३ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या पांच लाख ६० हजार १२६ हो गई। राज्य में ४१३ लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद मरने वालों की कुल संख्या १९,०६३ पहुंच गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को ६५६ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या एक लाख ४६ हजार ४६० हो गई। पश्चिम बंगाल में संक्रमितों की संख्या एक लाख से ऊपर पहुंच गई है। गुरुवार को राज्य में २,६६७ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या एक लाख सात हजार ३२३ हो गई। आंध्र प्रदेश में गुरुवार को ६,६६६ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या दो लाख ६४ हजार १४२ हो गई। बिहार में गुरुवार को संक्रमितों की संख्या चार हजार के करीब पहुंच गई। राज्य में ३,६०६ नए संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर ६४,४५६ पहुंच गई। देश में दूसरे सबसे ज्यादा संक्रमित राज्य तमिलनाडु में गुरुवार को ५,८३५ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या तीन लाख २० हजार ३५५ हो गई। राजस्थान में ६०८ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ५६,७०८ हो गई। उत्तर प्रदेश में गुरुवार को ४,५३७ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या एक लाख ४० हजार ७७५ हो गई। ओड़िशा में १,६८१ नए मामले आए और केरल में १,५६४ नए संक्रमित मिले। मध्य प्रदेश में १,०१४ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ४२,६१८ हो गई। कर्नाटक में गुरुवार को ६,७०६ नए मामले आए, जिसके बाद राज्य में संक्रमितों की संख्या दो लाख तीन हजार दो सौ हो गई। ये आंकड़े कोविड१९इंडिया डॉट ओआरजी के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार की देर शाम तक कुल संक्रमितों की संख्या २३ लाख ९६ हजार ६३७ थी, जिसमें से ४७,०३३ लोगों की मौत हो चुकी है।

## नृत्य गोपालदास के अच्छे इलाज के योगी ने दिए निर्देश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास के कोविड संक्रमित होने की जानकारी मिलने पर उनके उपचार के लिए सभी प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महंत नृत्य गोपालदास जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी मथुरा तथा महंत नृत्य गोपालदास जी के अनुयायियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिलाधिकारी मथुरा को निर्देशित किया कि महंत नृत्य गोपालदास जी के बेहतर उपचार के लिए हर सम्भव प्रबन्ध किए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने मेदांता हॉस्पिटल के चेयरमैन नरेश त्रेहन से वार्ता कर महंत नृत्य गोपालदास जी का मेदांता हॉस्पिटल में उपचार कराने का अनुरोध किया है।

# राज्यसभा सीट के उपचुनाव के लिये जयप्रकाश निषाद ने नामांकन पत्र दाखिल किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा सीट के उपचुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जय प्रकाश निषाद ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। समाजवादी पार्टी (सपा) नेता बेनी प्रसाद वर्मा के पिछली २७ मार्च को निधन के बाद यह सीट रिक्त हुयी थी। वर्मा का निधन लंबी बीमारी के बाद हो गया था। उनका कार्यकाल चार जुलाई २०२२ तक का था। देवरिया में १० जून १९७२ को जन्मे निषाद गोरखपुर क्षेत्र में भाजपा के उपाध्यक्ष है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में भाजपा की मजबूत स्थिति के चलते भाजपा प्रत्याशी का निर्विरोध जीतना तय है। आज नामाकंन की आखिरी तारीख है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी वहीं १७ अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। नियम के अनुसार यदि कोई नामांकन नहीं करता है तो जयप्रकाश निषाद को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया जायेगा। जयप्रकाश निषाद २०१२ के विधान सभा चुनाव में बसपा के टिकट चौरी–चौरा विधान सभा से निर्वाचित हुये थे।



२०१७ में भी उन्होंने चौरी चौरा से विधानसभा से चुनाव लड़ा लेकिन भाजपा प्रत्याशी से हार गए। वह २००८ से २००९ तक बहुजन समाज पार्टी की सरकार में राज्य मंत्री रह चुके है। उन्होंने फरवरी २०१८ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक सभा मे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। वे इस समय भारतीय जनता पार्टी के गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष है। उन्हें हाल ही में पूर्वांचल विकास बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। जयप्रकाश निषाद को पार्टी ने पिछले मंगलवार को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया तो वह सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। आज उनके पर्चा दाखिल करने के दौरान भी मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी पर बिजली आपूर्ति रही बाधित, मंत्री ने दिए जांच के आदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुधवार की रात को जन्माष्टमी के अवसर पर लाखों घरों में अचानक बिजली चले जाने की घटना की ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। कई शहरों में लगाए गए हजारों स्मार्ट मीटरों ने उन उपभोक्ताओं की भी बिजली आपूर्ति रोक दी, जिन्होंने अपने बिलों का भुगतान कर दिया था। मंत्री ने कहा, "अगर जरूरत पड़ी तो लखनऊ में यूपीपीसीएल मुख्यालय पर नियंत्रण और कमांड सेंटर को गलत तरीके से नियंत्रित करने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।" त्योहार के दौरान आपूर्ति की जल्द बहाली सुनिश्चित करने के लिए मंत्री मरम्मत कार्य की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं को हुई असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया। एनर्जी इफिसिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के निदेशक, वेंकटेश द्विवेदी ने ट्वीट किया कि ईईएसएल और एलएंडटी के राज्य प्रमुखों को अपने काम में लापरवाही बरतने को लेकर निलंबित किया गया है। भारत सरकार की कंपनी ईईएसएल पर स्मार्ट मीटरों की स्थापना और



रखरखाव की जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि बुधवार की शाम को जब लोग जन्माष्टमी मनाने में व्यस्त थे, तभी लखनऊ समेत कई शहरों में लाखों घरों की बिजली चली गई। वहीं स्मार्ट मीटरों पर बिजली कटने की वजह 'मासिक भुगतान न होने के कारण कटौती' प्रदर्शित हो रहा था। कई घरेलू उपभोक्ताओं ने कहा कि समय से काफी पहले बिजली बिल का भुगतान करने के बाद भी कटौती हुई। उन्होंने कहा, "विभाग के पास गुरुवार सुबह ११ बजे से पहले बिजली काटने की प्रक्रिया शुरू करने का कोई अधिकार नहीं।" विभिन्न शहरों में अचानक बिजली कटने पर उत्तर प्रदेश पावर करपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के कार्यालयों को फोन के माध्यम से उपभोक्ताओं की शिकायतें मिलने लगीं। यूपीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य मंत्री श्रीकांत शर्मा को इस बारे में सतर्क किया। इसके बाद उन्होंने त्योहार के दिन स्मार्ट मीटरों द्वारा आपूर्ति बाधित किए जाने की परिस्थितियों की जांच के लिए अध्यक्ष अरविंद कुमार को एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने को कहा है।

## यात्री ने बस कंडक्टर के टिकट नहीं काटने की हरकत पर एमडी को किया ट्वीट

लखनऊ। राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत रोडवेज बस में सफर करने वाले यात्रियों की नजर से अब बस कंडक्टर बच नहीं पाएंगे। बस कंडक्टर की हर हरकत को यात्री अपने स्मार्ट फोन में कैद करने से चूकते भी नहीं है। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को सामने आया है। जहां बस कंडक्टर सवारियों को सम्मान से बस में बैठाने के बाद टिकट नहीं काटा। यात्री ने बस कंडक्टर की इस हरकत पर एमडी को ट्वीट किया है। बहराइच डिपो की बस में सफर कर रहे शुभम अवस्थी ने अपने ट्वीट में लिखा है कि यह रिमझिम बारिशटिकट बनाएं या ना बनाएं, बस कंडक्टर की मर्जी। कुछ इसी तरह के ट्वीट पर कई लोगों ने रिप्लाई करते हुए लिखा कि बस चालक सवारियों से पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हैं। जिसमें बस का टिकट काटे चाहे ना काटे। गुरुवार को परिवहन निगम के एमडी को यह ट्वीट किए जाने की चर्चा निगम मुख्यालय से लेकर क्षेत्रों के बस अड्डों पर होते रहे।

# मार्शल आर्टिस्ट धीरज मिश्र जिला मुय थाई एसोसिएशन के महासचिव बने

लखनऊ। जिला मुय थाई एसोसिएशन, लखनऊ सम्बद्ध एमेच्योर मुए थाई वेलफेयर सोसाइटी अफ यू.पी. मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अपर्णेश मिश्र ने लखनऊ के ख्यातिनाम मार्शल आर्टिस्ट



धीरज मिश्र को एसोसिएशन संस्था का महासचिव नियुक्त किया गया। धीरज मिश्र लगभग २०१० प्रदेश की राजधानी व निकटवर्ती जिलों में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं स वरियर्स द एकेडमी अफ मार्शल आर्ट्स के चेयरमैन हैं। उन्होंने वर्ष २०१६ को दिल्ली में आयोजित हुए सीनियर नेशनल मुए थाई चौम्पियनशिप में आधिकारिक रूप से बतौर जज रेफरी प्रतिभाग किया था। इसके अलावा वे एमेच्योर मुए थाई वेलफेयर सोसाइटी ऑफ यू.पी. की टेक्निकल कमेटी के सदस्य भी हैं। मुय थाई थाईलैंड का परम्परागत राष्ट्रीय खेल होने के साथ–साथ एशियन और इंटरनेशनल ओलम्पिक एसोसिएशन से भी मान्यता प्राप्त खेल है। इस परम्परागत मार्शल आर्ट अल्प समय में ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की है लोगों को सेल्फ डिफेंस फिटनेस के लिए प्रेरित किया है। संस्था के नवनियुक्त महासचिव धीरज मिश्र ने जिला मुए थाई एसोसिएशन लखनऊ के प्रेसिडेंट अपर्णेश मिश्र और अजय अग्रवाल जइंट सेक्रेटरी टेक्निकल डायरेक्टर यू.पी. का आभार प्रकट किया।

# अयोध्या में भूमि पूजन के समय महंत नृत्य गोपालदास की नहीं हुई थी कोरोना की जांच

लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। वह कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा आए थे। गुरुवार सुबह मथुरा उनकी तबीयत बिगड़ गई। एंटीजन टेस्ट में उन्हें कोरोना वायरस का संक्रमण होने की पुष्टि हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उनको गुरुग्राम स्थित मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। पांच अगस्त को वह अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए हुए भूमि पूजन में भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि भूमि पूजन के समय उनकी कोरोना की जांच नहीं हुई थी। उस वक्त उनमें संक्रमण के लक्षण नहीं मिले थे, इस कारण स्व घोषणा प्रपत्र भरवाया गया था।अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए हुए भूमि पूजन के समय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध यक्ष व मणिरामदास जी की छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास की कोरोना की जांच नहीं हुई थी। उनसे स्व घोषणा प्रपत्र भरवाया गया था। तत्समय उनमें कोरोना का कोई भी लक्षण नहीं था। इसीलिए स्वघोषणा प्रपत्र भरवाया गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक ट्रस्ट अध्यक्ष के भूमि पूजन के वक्त संक्रमित होने की कोई संभावना नहीं है। यह माना जा रहा है कि बीते चार–पांच दिनों में वह किसी कोरोना संक्रमित के संपर्क में आए हैं, जिस वजह से गुरुवार को उनमें लक्षण प्रकट



हुआ है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए हुए भूमि पूजन के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करने वालों में ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के साथ ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। प्रधानमंत्री ने ट्रस्ट अध्यक्ष को सहारा भी दिया था। गुरुवार को ट्रस्ट अध्यक्ष को कोरोना संक्रमित पाया गया है। सूत्रों के मुताबिक उनके कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद से ही प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग भी में खलबली मची है। चार दिनों में उनके संपर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है। पता यह भी चला है कि चार दिनों में उनसे जो–जो मिला है, उन सभी की जांच की जाएगी। गुरुवार को मणिरामदास जी की छावनी का भी सैनिटाइजेशन कराया गया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से सैनिटाइजेशन हुआ है। फिलहाल प्रशासनिक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हैं।

# दिनभर छुटपुट बारिश ने लोगों को घरों में कैद होने के लिए किया मजबूर

लखनऊ। गुरुवार को दिनभर छुटपुट बारिश ने लोगों को घरों में कैद होने के लिए मजबूर कर दिया। ऐसी स्थिति में काफी संख्या में यात्रियों ने अपनी बस यात्रा को रद्द कर दिया। लिहाजा कैसरबाग और आलमबाग बस अड्डे से कई रूटों की बसों को यात्री आभाव में रद्द करना पड़ा। आलमबाग डिपो के एआरएम डीके गर्ग बताते है कि बारिश की वजह से सवारियों की कमी रही। इससे दिल्ली, आगरा, झांसी, सहारनपुर की बसें रद्द करनी पड़ी।

# उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था दम तोड़ रही है : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी(बसपा) अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में अपराध–नियंत्रण व कानून–व्यवस्था के मामले में पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी(सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में भला फिर अब क्या अन्तर रह गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून–व्यवस्था दम तोड़ रही है। बुधवार को अलीगढ़ में स्थानीय भाजपा विधायक और पुलिस द्वारा एक–दूसरे पर लगाया गया था। आरोप और मारपीट अति–गंभीर और काफी चिन्ताजनक है। उन्होंने इस प्रकरण की न्यायोचित जांच कराकर जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मायावती ने गुरूवार को ट्वीटकर कहा " यूपी में अब कानून–व्यवस्था दम तोड़ रही है। कल अलीगढ़ में स्थानीय भाजपा विधायक व पुलिस द्वारा एक–दूसरे पर लगाया गया आरोप व मारपीट अति–गंभीर व काफी चिन्ताजनक। इस प्रकरण की न्यायोचित जाँच होनी चाहिए व जो भी दोषी हैं उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, बीएसपी की यह माँग है। उन्होंने कहा "साथ ही, यूपी में इस प्रकार की लगातार हो रही जंगलराज जैसी घटनाओं से यह स्पष्ट है कि खासकर अपराध– नियंत्रण व कानून–व यवस्था के मामले में सपा व बीजेपी की सरकार में भला फिर क्या अन्तर रह गया है? सरकार इसपर समुचित



ध्यान दे, बीएसपी की जनहित में यही सलाह। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि सुविधाओं के अभाव में चिकित्सक जान जोखिम में डालकर कोरोना पीड़ितों की सेवा कर रहे है। चिकित्सकों पर सरकारी दबाव से स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने कहा " यूपी में समुचित सुविधा के अभाव में जान जोखिम में डालकर कोरोना पीड़ितों की सेवा में लगे डाक्टरों पर सरकारी दबावधमकी से स्थिति बिगड़ रही है, जिस कारण ही वाराणसी में ३२ स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों का इस्तीफा। सरकार बिना भेदभाव व पूरी सुविधा देकर उनसे सेवा ले तो बेहतर होगा। मायावती ने कहा कि राज्य में कोरोना केन्द्रो तथा निजी अस्पतालों को स्वास्थ्यकर्मियों की स्थिति खराब है। इसके लिये सरकार को व्यावहारिक नीति बनाकर समुचित संसाधन उपलब्ध कराकर उस पर अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा "साथ ही, कोरोना केन्द्रों व निजी अस्पतालों में भी कोरोना स्वास्थ्यकर्मियों की स्थिति काफी खराब है, जिस कारण उन्हें आत्महत्या का प्रयास करने तक को मजबूर होना पड रहा है, जो अति–दुःखद। सरकार व्यावहारिक नीति बनाकर व समुचित संसाधन देकर सही से उसपर अमल करे, बीएसपी की यह मांग है। "

# लखनऊ जेल में गलत दवा खाने के कारण १०० से अधिक कैदी बीमार

लखनऊ। लखनऊ जेल के १०० से अधिक कैदी गलत दवा खाने के कारण बीमार हो गए हैं। इनमें से २२ कैदियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन कैदियों को जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



महानिदेशक (जेल) के अनुसार, "फार्मासिस्ट आनंद कुमार ने कैदियों को सेट्रिजिन के बजाय हेलोपेरिडोल नाम की एक एंटीसाइकोटिक दवा दे दी जिसका उपयोग स्किजोफ्रेनिया के उपचार में किया जाता है। इसके बाद कैदियों को सुस्ती और नींद आने की शिकायत होने लगी।जेल सूत्रों ने बताया कि जेल के डॉक्टर एन. के. वर्मा ने कैदियों को एलर्जी की समस्या के लिए सेट्रिजिन दवा तय की थी, लेकिन फार्मासिस्ट ने उन्हें गलत दवाएं दे दीं। फार्मासिस्ट आशीष वर्मा को नोटिस देकर इस मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। डीआईजी (जेल) संजीव त्रिपाठी ने इस मुद्दे पर लखनऊ जेल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

# प्रणब मुखर्जी जीवित, निधन की अफवाह फर्जी

नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी ने आज कहा कि उनके पिता अभी जीवित हैं और उनकी मृत्यु की



अफवाह फर्जी है। कोरोना संक्रमित पूर्व राष्ट्रपति की सोमवार को नई दिल्ली सैन्य अस्पताल में मस्तिष्क में जमा खून का थक्का हटाने के लिए शल्य चिकित्सा की गई है और उनकी स्थिति 'नाजुक' बनी हुई है। पूर्व सांसद अभिजीत मुखर्जी ने आज अपने पिता की मृत्यु की एक खबर पर ट्विटर पर तल्ख शब्दों में लिखा, मेरे पिता प्रणव मुखर्जी अभी जीवित हैं और उनके हृदय से रक्त का प्रवाह सामान्य (हीमोडायनमिक स्टेबल) रूप से चल रहा है। प्रतिष्ठित पत्रकार सोशल मीडिया पर अफवाहें और फर्जी खबरें प्रसारित कर रहे हैं जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि देश में मीडिया झूठ की फैक्ट्री बन गया है।

# सुप्रीम कोर्ट में अगले हफ्ते से शुरू हो सकती है फिजिकल सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के सात न्यायाधीशों की एक कमेटी ने अगले हफ्ते की शुरूआत में १५ पीठों में से कम से कम दो या तीन पीठ की ओर से शारीरिक (फिजिकल) सुनवाई शुरू करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत में कुछ अतिरिक्त सुरक्षा उपायों के साथ सुनवाई शुरू कर सकती है। दरअसल कोरोनावायरस महामारी के मद्देनजर पिछले करीब पांच महीने से सुप्रीम कोर्ट में शारीरिक तौर पर सुनवाई नहीं हो रही है, यानी वकीलों द्वारा अदालत में जाकर उनके संबंधित मामलों पर दलीलें पेश करने के बजाए यह काम अनलाइन ही निपटाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स अन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) के अध्यक्ष शिवाजी एम. जाधव के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे द्वारा गठित सात न्यायाधीशों की समिति ने मंगलवार को बार नेताओं से मुलाकात की। समिति अगले सप्ताह से कम से कम दो से तीन फिजिकल अदालतें शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। शीर्ष अदालत २५ मार्च से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामलों पर सुनवाई कर रही है और प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद भी अनलाइन माध्यम से ही मामलों को निपटाया जा रहा है। न्यायमूर्ति एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली सात-न्यायाधीशों की समिति ने



जुलाई के अंतिम सप्ताह में बार के नेताओं से कहा था कि वह इस समय खुली अदालती कार्यवाही फिर से शुरू करने के इच्छुक नहीं है। समिति ने उन्हें बताया कि वह दो सप्ताह के बाद फिर से बैठक करेंगे और स्थिति पर मंथन करके आगे का फैसला लेंगे। जाधव ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि शारीरिक अदालतें वर्चुअल (अनलाइन) अदालतों के अतिरिक्त हैं और लोगों के पास वर्चुअल सुनवाई का भी विकल्प होगा। राष्ट्रव्यापी बंद से पहले प्रकाशित अंतिम सुनवाई सूची के मामले शारीरिक अदालतों के सामने सूचीबद्ध किए जाएंगे। एक या दो दिन में माननीय न्यायाधीश समिति द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बीच रजिस्ट्री शारीरिक कामकाज के लिए अदालतों को तैयार करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। न्यायाधीशों की समिति ने बार काउंसिल के चेयरपर्सन मनन कुमार मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुष्यंत दवे और शिवाजी जाधव जैसे शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर शीर्ष अदालत में शारीरिक सुनवाई फिर से शुरू करने की प्रक्रिया पर चर्चा की न्यायाधीशों की समिति जून और जुलाई में नियमित अदालत की सुनवाई को फिर से शुरू करने के लिए विभिन्न वकील संघों की मांगों पर सहमत नहीं हुई थी। समिति ने कहा था कि वह बाद में इसकी समीक्षा करेगी। न्यायाधीश एन. वी. रमना, अरुण मिश्रा, रोहिंटन नरीमन, यू. यू. ललित, ए. एम. खानविलकर, डी. वाई. चंद्रचूड़ और एल. एन. राव प्रधान न्यायाधीश द्वारा गठित समिति में शारीरिक सुनवाई की बहाली से जुड़े मुद्दों की जांच कर रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में सेना के काफिले पर हमला

श्रीनगर/नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादियों द्वारा भारतीय सेना के काफिले पर भारी हमले और अंधाधुंध गोलीबारी के बाद एक ाकारी ने कहा, गोलीबारी दोपहर २.१५ बजे शुरू हुई। पहला वाहन पार करते ही आतंकवादियों ने काफिले के दूसरे वाहन पर हमला किया। वाहन के अंदर मौजूद एक



जवान घायल हो गया। सुरक्षा बल ने आज यह जानकारी दी। बुधवार के हमले में घायल हुए जवान को श्रीनगर के बेस हस्पिटल ले जाया गया। वह खतरे से बाहर है और ठीक हो रहा है। सेना के तीन वाहनों का काफिला, जिसमें ३० सैन्यकर्मी शामिल थे, बारामूला से गुलमर्ग की ओर जा रहे थे। जब यह पट्टन इलाके में पहुंचा, तो छिपे आतंकवादियों ने काफिले पर हमला किया और अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरू कर दी। सेना के एक अधि जवान को गोली लग गई। जैसा कि यह एक 'बिल्ट-अप एरिया' था और लोग सड़कों पर थे, नायब सूबेदार जोगिंदर सिंह जो काफिले का नेतृत्व कर रहे थे, उन्होंने गोली नहीं चलाने और वहां से आगे निकलने का फैसला किया। अधिकारी ने कहा, हमारे सैन्यकर्मियों ने सुनिश्चित किया कि 'बिल्टअप एरिया' में हमला किए जाने के बावजूद कोई क्षति नहीं हो। बाद में, इस इलाके को तलाशी के लिए घेर लिया गया।

# कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी का निधन

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी का बुधवार देर शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह ५३ वर्ष के थे। भाजपा ने भी उनके निधन पर शोक जताया। त्यागी शाम ५ बजे एक टेलीविजन चैनल पर डिबेट में भाग ले रहे थे। कार्यक्रम खत्म होने के तुरंत बाद उन्हें सीने में दर्द महसूस हुआ और कुछ देर बाद बेहोश हो गए। उन्हें फौरन यशोदा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राणहीन घोषित कर दिया। गाजियाबाद के निवासी राजीव त्यागी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने से पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य थे।



कांग्रेस ने एक बयान जारी कर कहा, "राजीव त्यागी के आकस्मिक निधन से हम गहरे सदमे में हैं। वह पक्के कांग्रेसी और सच्चे देशभक्त थे। दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार व मित्रजनों के साथ हैं। कांग्रेस नेता जितिन प्रसाद ने कहा, "उनके असामयिक निधन से मैं स्तब्ध हूं और गहरे सदमे में हूं। वहीं, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, "मैं विश्वासनहीं कर सकता कि मेरे मित्र राजीव त्यागी अब हमारे बीच नहीं रहे। पांच बजे शाम को तो वह मेरे साथ डिबेट में थे। जीवन का कोई ठिकाना नहीं।

# बिहार में बाढ़ से ७४ लाख लोग प्रभावित, २४ की मौत

पटना। बिहार में भले ही अभी कुछ नदियों के जलस्तर में पहले के मुकाबले कमी आई है, लेकिन अभी भी राज्य के १६ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में अभी भी कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं। वहीं, राज्य के १६ जिलों के १२६ प्रखंडों में अभी भी बाढ़ का पानी फैला हुआ है, बाढ़ की वजह से अब तक २४ लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार आपदा प्रबंधन विभाग ने राहत और बचाव कार्य जारी रहने का दावा किया है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया है। सीएम नीतीश कुमार सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बाढ़ प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई वर्चुअल बैठक में अपने राज्य की समस्याएं रख चुके हैं। बिहार जल संसाधन विभाग के



एक अधिकारी ने बताया कि कोसी के जलस्तर में कमी आ रही है। वीरपुर बैराज के पास सुबह छह बजे कोसी का जलस्तर १६८२ लाख क्यूसेक था, जो आठ बजे घटकर १६७५ लाख क्यूसेक हो गया। इध र, गंडक नदी का जलस्तर में भी कमी हुई है। गंडक का जलस्तर बाल्मीकिनगर बैराज पर सुबह छह बजे १६८० लाख क्यूसेक था, जो आठ बजे घटकर १६७७ लाख क्यूसेक पहुंच गया है। इस बीच राज्य की कई नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बागमती, बूढ़ी गंडक, कमला, बलान और गंगा कई इलाकों में खतरे के निशान से उपर बह रही हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर सचिव रामचंद्र डू ने बताया कि बिहार के १६ जिलों के कुल १२६ प्रखंडों की १,२४० पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। इन क्षेत्रों में करीब ७४ लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इन इलाकों में ७ राहत शिविर खोले गए हैं, जहां करीब १२ हजार से ज्यादा लोग रह रहे हैं। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित इलाकों में कुल १,२३६ सामुदायिक रसोई घर चलाए जा रहे हैं, जिसमें प्रतिदिन करीब ६६३६ लाख लोग भोजन कर रहे हैं। रामचन्द्र डू के मुताबिक, बाढ़ के दौरान इलाकों में २४ लोगों की मौत हुई है, इसमें सबसे ज्यादा १० लोगों की मौत दरभंगा जिले में हुई है। साथ ही बढ़ा की वजह से ६६ पालतू पशुओं की भी मौत हुई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की ३३ टीमें राहत एवं बचाव का काम कर रही हैं। अब तक पांच लाख से ज्यादा लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित इलाकों में पहुंचाया गया है। अपर सचिव ने बताया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को ६,००० रुपये की राशि दी जा रही है। अभी तक ६,३१,२६५ परिवारों के बैंक खाते में कुल ३७,८६७७ करोड़ रुपये जीआर की राशि भेजी जा चुकी है। ऐसे परिवारों को एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया गया है।

# आय कर सुधारों का मोदी ने किया ऐलान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्यक्ष कर की व्यवस्था में बड़े सुधारों का ऐलान किया है और करदाताओं से कहा है कि वे आय कर अधिकारियों से डरें नहीं। उन्होंने लोगों से आगे बढ़ कर ईमानदारी से टैक्स देने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने आय कर देने वालों के लिए एक चार्टर भी जारी किया, जिसमें उनके अधिकारों के बारे में बताया गया है। उन्होंने गुरुवार को 'पारदर्शी कराधान—ईमानदार का सम्मान' मंच की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि करदाता के लिए कर देना या सरकार के लिए कर लेना, ये कोई हक का अधिकार का विषय नहीं है, बल्कि ये दोनों का दायित्व है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रत्यक्ष कर सुधारों की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा— बीते छह—सात साल में आय कर रिटर्न भरने वालों की संख्या में करीब ढाई करोड़ की वृद्धि हुई है। लेकिन ये भी सही है कि १३० करोड़ के देश में ये अभी भी बहुत कम है। इतने बड़े देश में सिर्फ डेढ़ करोड़ साथी ही इन्कम टैक्स जमा करते हैं। इस पर देश को आत्मचिंतन करना होगा। उन्होंने कहा— ये जिम्मेदारी सिर्फ कर विभाग की



नहीं है, हर भारतीय की है। जो कर देने में सक्षम हैं, लेकिन अभी वो कर नेट में नहीं है, वो देशवासी स्वप्रेरणा से आगे आएं, ये मेरा आग्रह है और उम्मीद भी। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की ओर से कर सुधारों के लिए उठाए गए कदमों के असर की जानकारी देते हुए कहा— वर्ष २०१२—१३ में जितने रिटर्न दाखिल होते थे, उसमें से ०.६४ प्रतिशत की स्क्रूटनी होती थी। वर्ष २०१८—१९ में ये आंकड़ा घट कर ०.२६ प्रतिशत पर आ गया है। यानि कर मामलों की स्क्रूटनी, करीब—करीब चार गुना कम हुई है। कर रिटर्न की स्क्रूटनी का चार गुना कम होना, अपने आप में बता रहा है कि बदलाव कितना व्यापक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पारदर्शी कराधान—ईमानदार का सम्मान २१वीं सदी की कर प्रणाली की एक नई व्यवस्था है। उन्होंने कहा— इस मंच में करदाताओं और अधिकारियों के बीच बिना आमना सामना हुए यानी फेसलेस आकलन, फेसलेस अपील करने और करदाता चार्टर जैसे बड़े सुधारों को आगे बढ़ाया गया है। मोदी ने गुरुवार को कहा— फेसलेस आकलन और करदाता चार्टर आज से लागू हो गए हैं जबकि फेसलेस अपील की सुविधा २५ दिसंबर यानी दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन से देशभर में नागरिकों के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

# वाहनों के वीआईपी नंबरों की बुकिंग शनिवार से

लखनऊ। दो व चार पहिया हल्के नए वाहनों पर वीआईपी नंबरों की बुकिंग शनिवार की सुबह दस बजे से शुरू हो रही हैं। इस बार




ट्रांसगोमती देवा रोड एआरटीओ कार्यालय से यूपी ३२ एलक्यू नंबरों की सीरीज शुरू हो रही हैं। इस सीरीज में शामिल ३४७ वीआईपी नंबरों की नीलामी बोली में हिस्सा लेने वाले गाड़ी मालिक १५ अगस्त से रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। गाड़ी मालिक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में आवेदक विभागीय वेबसाइट **www-vahan-parivahan-gov-in/fancynumberbid** पर जाकर पूरी कर सकते है। यह जानकारी एआरटीओ (प्रशासन) अंकिता शुक्ला ने दी।

# ईमानदार करदाता विकास और समृद्धि की रीढ : शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज ने कहा कि ईमानदार करदाता देश के विकास तथा समृद्धि की रीढ़ हैं और इन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज शुरू किये गये 'पारदर्शी कराधान ईमानदार का सम्मान' प्लेटफर्म को ' नये भारत' के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए श्री शाह ने ट्वीट किया," पारदर्शी कराधान ईमानदार का सम्मान' प्लेटफर्म का लन्च प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हमारे करदाताओं के लिए एक उपहार है। फेसलेस असेसमेंट , फेसलेस अपील और टैक्सपेयर्स चार्टर जैसे सुधारों से यह प्लेटफर्म हमारी कर प्रणाली को और सुदृढ़ करेगा एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा , "ईमानदार करदाता भारत के विकास और समृद्धि की रीढ़ हैं, इनको सशक्त बनाने और उन्हें सम्मान देने के लिए मोदी सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। यह प्लेटफर्म प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के संकल्प की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है'।

# रक्षा उत्पादों पर पीएम ने की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। तीनों सेनाओं की जरूरत से जुड़े १०१ रक्षा उपकरणों के आयात पर रोक लगाने के फैसले के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को लेकर एक समीक्षा बैठक की। आयात किए जाने वाले उपकरणों की निगेटिव लिस्ट जारी होने से पहले इस मामले से जुड़े रक्षा मंत्रालय के विभागों के साथ हुई मीटिंग में प्रधानमंत्री ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन और विकास की समीक्षा की। गौरतलब है कि पिछले रविवार को ही रक्षा मंत्रालय ने विदेशों से आयात होने वाले १०१ रक्षा उत्पादों पर पाबंदी लगाने का ऐलान किया था। जानकार सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि प्रधानमंत्री ने रक्षा उत्पादन विभाग और डीआरडीओ के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रक्षा सचिव अजय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने इस बैठक में आयात किए जाने वाले उपकरणों की निगेटिव लिस्ट के बारे में जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री को चीफ अफ डिफेंस स्टाफ ने लिस्ट की स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि इस लिस्ट की लगातार समीक्षा की जाएगी। इसमें और भी सामान जोड़ा जाएगा। मीटिंग में प्राइवेट कंपनियों के सुझाव और शिकायतों पर भी चर्चा हुई।

# शौरी, भूषण और एन राम ने वापस ली याचिका

नई दिल्ली। आपराधिक अवमानना कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण शौरी, पत्रकार एन राम और अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की थी उसे उन्होंने वापस ले लिया है। अदालत के आदेश के बाद उनकी याचिका वापस हो गई। इन तीनों के वकील ने अदालत से याचिका वापस लेने का अनुरोध किया था, जिसकी अदालत ने मंजूरी दे दी। जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस कृष्ण मुरारी की पीठ को याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने बताया कि वे अपनी याचिका वापस लेना चाहते हैं, क्योंकि इसी मामले पर पहले से ही कई याचिकाएं लंबित हैं और वे नहीं चाहते कि यह याचिका उनके साथ 'अटक' जाए। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को इस छूट के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दी कि वे सर्वोच्च अदालत के अलावा अन्य उचित न्यायिक मंच पर जा सकते हैं। राजीव धवन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई संक्षिप्त सुनवाई में कहा कि याचिकाकर्ता इस चरण पर इस छूट के साथ याचिका वापस लेना चाहते हैं कि उन्हें दुबारा, हो सकता है दो महीने बाद, सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी जाए। याचिकाकर्ताओं ने अदालत में 'अदालत को बदनाम करने' को लेकर आपराधिक अवमानना से जुड़े न्यायालय की अवमानना कानून की धारा २ (सी)(१) की संवैधानिक वैधता को संविधान के अनुच्छेद १९ में दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार के संदर्भ में चुनौती दी थी।

# सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस को राहत

नई दिल्ली। राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी के छह विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने के मसले पर राजस्थान सरकार को बड़ी राहत मिली है। इन विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने के खिलाफ सर्वोच्च अदालत में दायर की गई याचिका पर अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर रोक लगाने से मना कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिलहाल हाई कोर्ट इस मामले पर सुनवाई कर रहा है, ऐसे में वह इस मामले में दखल नहीं देगी। उधर राजस्थान हाई कोर्ट में इस मामले पर बहस गुरुवार को भी पूरी नहीं हो पाई। शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे फिर सुनवाई होगी। भाजपा विधायक मदन दिलावर ने दोनों अदालतों में याचिका दायर की थी। इस मामले में हाई कोर्ट में खुद बसपा ने भी याचिका दायर की है। बसपा विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने के लिए विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी ने १८ सितंबर २०१९ को मंजूरी दी थी। दिलावर की अपील है कि स्पीकर के उस आदेश पर रोक लगाई जाए और सभी छह विधायकों को फ्लोर टेस्ट में किसी भी पार्टी के पक्ष में वोटिंग से रोका जाए। बसपा ने भी अपने बागी विधायकों के बहुमत परीक्षण में शामिल होने पर पाबंदी लगाने और विधानसभा के किसी भी सत्र में हिस्सा लेने से रोकने की अपील की है।

# सुशांत मामले में पवार ने चुप्पी तोड़ी

मुंबई। महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में चुप्पी तोड़ी। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और राज्य पुलिस की आलोचनाओं का जवाब दिया और कहा कि वे महाराष्ट्र की पुलिस पर भरोसा करते हैं। उन्होंने अपने भतीजे अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की ओर से इस मामले की सीबीआई जांच की मांग पर कहा कि वे अभी परिपक्व नहीं हुए हैं। राज्य सरकार की प्रमुख सहयोगी एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा— मुझे सीबीआई जांच से कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन, मैं पिछले ५० साल से महाराष्ट्र और मुंबई पुलिस पर भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से घटना को मीडिया में तवज्जो दी जा रही है वह आश्चर्यजनक है। ठाकरे परिवार को बदनाम करने की साजिश के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा— हमें नहीं पता कि इसके पीछे क्या मकसद है। एक व्यक्ति ने आत्महत्या की तो इतना सब कुछ हो रहा है। दो दिन पहले सतारा में एक किसान ने बताया था कि उसके जिले में २० किसानों ने खुदकुशी कर ली, लेकिन उस पर कोई बात नहीं कर रहा। पार्थ पवार के सीबीआई जांच की मांग करने के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा कि वे अभी अपरिपक्व हैं। उधर, इस मामले में एनसीपी नेता और वरिष्ठ वकील माजिद मेमन ने लगातार तीन ट्विट कर मीडिया में सुशांत की मौत को लेकर चल रही बातों पर सवालिया निशान लगाया है। उन्होंने कहा— सुशांत अपने जीवनकाल के दौरान उतने प्रसिद्ध नहीं थे, जितना कि वे मौत के बाद हो गए। मीडिया में वे जितनी जगह आजकल पा रहे हैं, वह हमारे प्रधानमंत्री या अमेरिका के राष्ट्रपति से कहीं अधिक है!

# राजीव त्यागी की मौत मामले में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा के खिलाफ हजरतगंज थाने में तहरीर

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव त्यागी की मौत मामले में हजरतगंज थाने में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा और एक निजी चौनल के एंकर के खिलाफ तहरीर दी गई है। गुरुवार को यूपी कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने पुलिस को तहरीर देकर राजीव त्यागी की मौत के लिए भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा और निजी चौनल के एंकर को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।यूपी कांग्रेस ने राजीव त्यागी की मौत को साजिशन हत्या करार देते हुए आरोप लगाया गया है कि बुधवार को एक निजी चैनल पर बहस के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी के साथ परिचर्चा में भाजपा के संबित पात्रा और निजी चौनल के एंकर समेत अन्य लोग शामिल थे। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता ने राजीव त्यागी को सार्वजनिक रूप से अपशब्द व अपमानजनक भाषा बोल कर अपमानित किया। उन्हें नकली हिंदू कहकर धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाई। आरोप है कि इस दौरान निजी चौनल के एंकर शांत होकर यह सब देखते रहे और चौनल



उसका लाइव प्रसारण करता रहा। बीच में इस जहरीले डिबेट को रोकने की कोशिश तक नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा करके चौनल व उसके एंकर ने संबित पात्रा को सार्वजनिक तौर पर राजीव त्यागी के लिए अपशब्द बोलने का मौका दिया। इससे संबित पात्रा ने तेज–तेज चिल्लाकर व दहशत का माहौल बनाते हुए त्यागी को जयचंद कहकर संबोधित किया। उन्हें यह भी कहा कि टीका लगाने से कोई हिंदू नहीं हो जाता। आरोप है कि इससे त्यागी को काफी अपमान व ह्रदय आघात लगा। जिससे डिबेट के बीच में ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। इस बात की पुष्टि डक्टर की ओर से भी की गई है।यूपी कांग्रेस ने तहरीर में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, चौनल मालिक व उसके एंकर के खिलाफ साजिशन हत्या का मुकदमा दर्ज कर सभी को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। हजरतगंज थाना के एसएचओ अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# धमकी भरी कॉल के बाद साक्षी महाराज को लगने लगा डर

लखनऊ। साक्षी महाराज पर विश्वास जता जिले की जनता ने उन्हें लगातार दूसरी बार सांसद बनाया था, लेकिन पाकिस्तान से आई एक धमकी भरी कॉल के बाद उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र में ही डर लगने लगा है। साक्षी महाराज का कहना है कि उनकी सुरक्षा में कटौती होने से यहां कभी भी उन पर हमला हो सकता है, इसलिए वह दिल्ली में खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। साक्षी महाराज ने पत्रकारों से कहा कि आतंकी मो. गफ्फार की गिरफ्तारी के बाद भी उन्हें धमकी मिली थी। उन्होंने प्रदेश सरकार के अलावा केंद्र तक सभी को पत्र लिखा था, लेकिन सिर्फ अमित शाह का ही जवाब आया। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की है, लेकिन एक आतंकी को एटीएस द्वारा पकड़े जाने के बाद भी उनकी सुरक्षा में कोताही बरतना समझ के परे है। बोले, ‘मेरी सुरक्षा घटाने से जांच एजेंसियां भी अचंभित है। इस असुरक्षा के माहौल में काम कर पाना मुश्किल है। मैं दिल्ली चला जाऊंगा। जिलावासी दुआ करें कि मैं सुरक्षित रहूं।’दो दिन पहले सोमवार को सांसद को पाकिस्तान से आई कॉल में जान से मारने व बम से उनका आवास उड़ाने की धमकी दी गई थी। सांसद ने एसपी, डीएम व प्रमुख सचिव गृह से इसकी शिकायत की थी। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस



ने मुकदमा दर्ज किया था। सीओ सिटी यादवेंद्र यादव ने उनके आवास का निरीक्षण भी किया। डीएम रवींद्र कुमार ने बताया था कि रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। सांसद को धमकी मिलने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंटरनेट कॉल होने के कारण संबंधित कंपनियों से डिटेल मांगी गई है। इसमें समय लगता है। सांसद की सुरक्षा में बढ़ोतरी करने को मैंने जिले से रिपोर्ट मांगी थी। इसे लेकर एसपी से जानकारी करुंगी।–लक्ष्मी ङक्षसह, आइजी लखनऊ रेंज।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह में 56 किशोर बंदी कोरोना पॉजिटिव

लखनऊ। मोहान रोड स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध में १५३ किशोर बंदियों में बुधवार को ५६ बंदी कोरोना पजिटिव पाए गए हैं। इसकी सूचना मिलते ही बंदियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। किशोर जेल में १८ साल के नीचे के अपराधियों को न्यायालय के आदेश पर रखा जाता है। नौ अगस्त को सभी १५३ बंदियों की स्क्रीनिंग की गई थी। मंगलवार की देर रात रिपोर्ट आने पर ५६ बंदी पजिटिव पाए गए। पुलिस सुरक्षा में सभी को चारबाग के राजकीय रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इन बंदियों में किसी में कोई लक्षण न होने के बावजूद कोरोना पॉजिटिव होने पर सभी हैरान हैं। अधीक्षक संजय कुमार सोनी का कहना है कि नियमित डॉक्टरी जांच के बाद ही उन्हें यहां रखा जाता है। जुकाम, बुखार या खासी जैसे लक्षण भी नहीं थे। मास्क और सैनिटाजर का प्रयोग अनिवार्य होने के बाद ऐसा होने से कर्मचारी भी परेशान हैं। सभी बंदियों के अभिभावकों को भी सूचित किया जा चुका है।पूरे परिसर को सैनिटाइज करने के साथ ही गुरुवार से एक बार फिर सभी किशोर बंदियों की कोरोना जांच की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर पांडेय ने बताया कि सभी किशोर बंदियों की सुरक्षा के चलते जांच कराई गई थी। रिपोर्ट आने के बाद बिना लक्षण के ५६ किशोर कोरोना पजिटिव पाए गए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के आदेश पर सभी को पुलिस सुरक्षा के साथ चारबाग के राजकीय रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक बार फिर सभी कर्मचारियों और बंदियों की जांच होगी।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग में बुधवार देर रात, विपिन कुमार सिंह ३२ वर्ष ने अपने कमरे में फंखे के हुक में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, सुबह जब देर तक विपिन कमरे से नहीं निकला तो उसके पिता ने आवाज लगाई, जवाब नहीं मिलने पर खिड़की से देखा तो वह फैन के सहारे लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर, पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कमरे से सुसाइड नोट मिला है।लाखन सिंह अपने परिजनों के साथ तेलीबाग के लौंगा खेड़ा में रहते हैं, लाखन सिंह बी एस एन एल से रिटायर्ड हैं,इनके दो बेटे चन्द्र शेखर,और विपिन कुमार सिंह ३२ वर्ष है। इन्स्पेक्टर पीजीआई कण्व कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक विपिन कुमार सिंह करीब ५ साल पहले अपनी पत्नी आरती सिंह की हत्या के जुर्म में जेल गया था,और करीब १ वर्ष पहले छूट कर आया था, सुसाइड नोट में लिखा है कि अपनी जिंदगी से तंग आ गया हूं, मेरी मौत के लिए किसी को परेशान न किया जाए, वहीं अपने पिता और भाई,परिवार को संबोधित करते हुए लिखा है कि मेरी ७ साल की बेटी अदिमा को आप सब अपना लें,और देख भाल करें।

# समाजवादी पार्टी द्वारा नए पदाधिकारियों का किया गया मनोनयन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लाजपत राय भवन कैसरबाग लखनऊ में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खघन, कुलदीप यादव की मौजूदगी में समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष भरत वाघवानी द्वारा कमेटी का विस्तार करते हुए लक्ष्मण वर्मा को व्यापार सभा का जिला महासचिव व अंकित दूबे ,कुणाल श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष, व संजय यादव को जिला कोषाध्यक्ष, समेत रिजवान अंसारी को जिला सचिव का पद ग्रहण करा मनोनीत किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष जयसिंह जयन्त ने व्यापार सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी के मनोनयन से समाजवादी पार्टी को विधानसभा एवं बूथ स्तर पर मजबूती मिलेगी समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर पार्टी के उत्थान के लिए कार्य करने की जरूरत है।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ में २५००० की इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार रात आगामी स्वतंत्रता दिवस के मध्य नजर पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों के चेकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति खुजौली आते हुए पुलिस को दिखाई दिए। पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने बाइक को जब रुकने का इशारा किया तो स्पीड बढ़ाते हुए मऊ की तरफ तेजी के साथ भागने लगा पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने भी दोनों का पीछा करना शुरू कर दिया वही बरसात होने के कारण मऊ बाईपास के पास अभियुक्तों की बाइक फिसल कर गिर गई अपने आप को फंसता देख बदमाशों ने पुलिस को जान से मारने के लिए फायर कर दिया



जो कि उप निरीक्षक सचिन सिंह के बिल्कुल बगल से निकल गई वही जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू की जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी बाकी अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए पुलिस टीम तत्परता दिखाते हुए घायल बदमाश को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गई वही घायल बदमाश की पहचान मोहम्मद इजराइल पुत्र हसरथ अली निवासी जलालपुर थाना कमलापुर जनपद सीतापुर के रूप में हुई आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जिस पर विभिन्न थानों में मुकदमा पंजीत हैं वह पुलिस द्वारा २५००० का इनाम उस पर घोषित था आरोपी के पास से.३१५ बोर मय २ जिंदा व १ खोखा कारतूस बरामद किया वही मुठभेड़ की सूचना पर आला धिकारी मौके पर पहुंचे व लखनऊ पुलिस कमिश्नर सुजीत कुमार पांडे ने टीम को २५००० का इनाम भी दिया।

# कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत जनपद मऊ पुलिस की कार्यवाही

**मोहम्मद अरशद**

मऊ। कारोना महामारी के दृष्टिगत जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन हेतु चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान दिनांक ०९.०८.२० को सुबह ८ बजे से दिनांक १०.०८.२० को सुबह ८ बजे तक जनपद के समस्त २६२ बैरियर प्वाइंट (२०७ हाटस्पाट एरिया) पर चेकिंग के दौरान १८६४ वाहनों को चेक किया गया जिसमें १५६ वाहनों का चालान, ०२ वाहन सीज तथा ३० हजार ७०० रुपये शमन शुल्क वसूले गये। साथ ही साथ मास्क न लगाने पर किये गये १४६ चालान व वसूले गये १२ हजार ५०० रुपये जुर्माना तथा लाकडाउन का उलंघन करने पर ७० चालान व वसूले गये ०७ हजार १०० जुर्माना सहित कुल ५० हजार ३०० रुपये जुर्माना वसूला गया। जनपद में भीड़–भाड़ वाले जगहों, बैंको, बाजारों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस–पास सोशल डिस्टेंशिंग का अनुपालन कराया जा रहा है।

# शांति भंग की आशंका में २३ व्यक्ति गिरफ्तार

**मोहम्मद अरशद**

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान शांति भंग की आशंका में थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा रामअवध, रामेश्वर, मनोहर निवासीगण जसड़ा थाना चिरैयाकोट, थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा अचल राजभर निवासी विसूनपुरा थाना बहरज जनपद देवरिया, राजकुमार निवासी शाहपुर, प्रेमचन्द्र, मनोज, रामानन्द निवासी कारूवीर थाना दोहरीघाट, थाना घोसी पुलिस द्वारा प्रेमनरायण निवासी हाजीपुर, राजेश निवासी अमिला थाना घोसी, थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा लालबहादुर, रामअवध निवासी दिलसादपुर, तेजबहादुर, बब्बन, शुभाष निवासीगण मरूखा, श्रीराम, लक्ष्मण निवासीगण नसीराबाद खुर्द थाना हलधरपुर, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा समसार अहमद, एखलाख अहमद निवासीगण भदसमानोपुर थाना कोपागंज, थाना मधुबन पुलिस द्वारा राममिलन साहनी निवासीगण मिश्रौली मोलनापुर, शिवकुमार गौड़ निवासी लोकिया थाना मधुबन, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा रामविजय, राजू निवासीगण अन्नूपार थाना मुहम्मदाबाद, थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा संजय सिंह निवासी बरहा जनपद गाजीपुर, आलोक सिंह निवासी खारगजेपुर थाना सरायलखंसी मऊ को अन्तर्गत धारा १५१ सीआरपीसी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# शारदानगर रेंजर पर पत्रकार को धमकाने का आरोप
# पत्रकार ने जताई हत्या की आशंका

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदानगर रेंज में हो रहे अवैध कटान की खबरें प्रकाशित करना एक पत्रकार को महंगा पड़ रहा है। अवैध कटान की खबरों से बौखलाये शारदानगर रेंजर ने पत्रकार को बदनाम करने की कवायत शुरू कर दी है। वही फोनवार्ता के दौरान भी रेंजर ने पत्रकार से अभद्र भाषा में बात की। पीड़ित पत्रकार ने इस मामले को लेकर खीरी जिलाधिकारी समेत वन विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली सदर क्षेत्र के निवासी राकेश मौर्य लखनऊ से प्रकाशित एक दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। बीते कुछ दिनों से पत्रकार राकेश मौर्य दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदानगर रेंज में आम शीशम जामुन समेत विभिन्न प्रतिबंधित पेड़ों के ६ ड़ल्ले से हो रहे अवैध कटान को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित की है। जिसके चलते शारदानगर रेंजर एनके राय पत्रकार राकेश मौर्य से काफी नाराज चल रहे हैं। इसी नाराजगी के चलते रेंजर एनके राय पत्रकार राकेश मौर्य को बदनाम करने की भरसक कोशिश कर रहे हैं। पीड़ित पत्रकार राकेश मौर्य ने बताया कि बीते दिन किसी ने शारदानगर रेंज के कोठिया गांव में हुए अवैध कटान की शिकायत वन विभाग के उच्चाधिकारियों से कर दी थी, जिसमें शारदानगर रेंजर एनके राय ने अपने फूलबेहड़ क्षेत्र के वाचर अकरम के माध्यम से लकड़ी आढ़ती को कहलाया कि तुम्हारी शिकायत राकेश मौर्य ने की है। इस बात की जानकारी होने पर जब रेंजर एनके राय से इस बाबत पूछा तो उन्होंने कहा कि अकरम कह रहा है तो कहने दो। आप से क्या मतलब, जब उसने कहा कि आप अकरम से पूछिए तो उन्होंने कहा हमसे कोई मतलब नहीं। पीड़ित पत्रकार ने बताया कि जब उन्होंने रेंजर से कहा कि ऐसे तो हमारा मर्डर हो जायेगा तो रेंजर एनके राय ने कहा कि मर्डर हो जायेगा तो हो जाए, जैसे कर्म करोगे वैसा भुगतोगे, कितने बड़े पत्रकार हो, नाम छापते हो। पीड़ित पत्रकार राकेश मौर्य ने आशंका जताई है कि शारदानगर रेंजर एनके राय व वन विभाग के कुछ कर्मचारी लकड़ी ठेकेदारों के साथ मिलकर उसकी हत्या करा सकते हैं या फिर किसी झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज सकते हैं।

# शारदा नदी की तेज धार में ठोकरें कटी

बिजुआ खीरी। विकासखंड बिजुआ के ग्राम दंबल टांडा और जंगल नम्बर ७ में हो रहा कटान पिछले वर्ष करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई २१ ठोकरों मैं से १८ ठोकरें शारदा नदी की तेज धार में कट गई हैं केवल तीन ठोकरे ही बची हैं। इस वर्ष जंगल नंबर ७ के डाउन स्टीम में ८०० मीटर की लागत लगभग ५.५० करोड़ से २०२० मई कार्य (परियोजना) कराई गई थी जो १५० मीटर से २०० मीटर कट गई है खराब गुणवत्ता के कार्य की वजह और विभागीय लापरवाही की वजह से सिंगल लेयर जिओ बैग १० मीटर लॉन्चिंग एप्रन में लगाई गई जो डबल लेयर में लगनी थी परक्योंपाइन ८ एमएम की सरिया लगनी थी ६ एमएम की लगाई गई है जो मानक के विपरीत है और सिंचाई विभाग के इतिहास में पहली बार नदी में न होकर धान के खेतों मे फ्लड फाइटिंग हो रही है देश कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से जूझ रहा है सिंचाई विभाग बाढ़ खंड धन के बंदरबांट करने में जुटा है।

# अद्भुत बर्गर : दुनिया का सबसे मंहगा बर्गर

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

बर्गर आज से समय की शहरी कल्चर के लिए एक पापुलर डिश है. यह फास्ट फूड के श्रेणी में आता है. बच्चों को तो यह बहुत प्रिय लगती है. बच्चे ही क्यों बड़े भी इसे बहुत पसंद करते है. अगर आपको भूख लगी हो तो एक बर्गर खाने के बाद घंटे दो घंटे के आपकीलिए भूख गायब हो जाती है. बर्गर का नाम लेते ही कुछ लोगो के मुह में पानी आ जाता है. फिर क्या आप झट से ऑर्डर कर लेते है. एक बर्गर की कीमत कितनी हो सकती है. ५० रूपये. १०० रूपये या बहुत अधिक हो तो ५०० रूपय लेकिन हम आपको एक ऐसे बर्गर के बारें में बता रहे हैं, जो कि दुनिया का सबसे महंगा बर्गर है. जी हां, टोक्यो के एक रेस्त्रां में दुनिया के सबसे महंगे बर्गर की बिक्री शुरु हो चुकी है. इस बर्गर को आक डोर स्टीकहाउस में काम करने वाले शेफ ने तैयार किया है. जो कि खास चीजों से बनकर तैयार हुआ है. शेफ ने इस बारें में कहा कि जापान नए इम्पीरियल एरा में प्रवेश कर रहा है. ये मौका जिंदगी में एक बार आता है और इसलिए उन्होंने कुछ खास बनाने के लिए सोचा. कीमत की बात की जाएं तो यह करीब ६३ हजार रुपए का है. जिसकी ब्रिकी जून से शुरु हो चुकी है. इस बर्गर का नाम 'गोल्डेन जॉयंट बर्गर' रखा गया है. इस बर्गर में ये चीजें की गई यूज। इस बर्गर को बनाने के लिए बीफ स्लाइस, चीज, टोमैटो और अन्य आइटम का इस्तेमाल किया गया है. लेकिन इसमें सबसे खास है डस्टेड गोल्ड से बना हुआ इसका बन है. यह बर्गर ६ इंच चौड़ा और १० इंच लंबा है. इसे जापान के क्राउन प्रिंस नरुहितो के पद संभालने के सेलिब्रेशन के सिलसिले में तैयार किया गया था. अगर कोई इस बर्गर को खाना चाहता है तो इसके लिए उसको ३ दिन पहले ऑर्डर करना पड़ेगा. अब आइये आपको बताते हैं कि इस गोल्डन जायंट बर्गर की शुरुआत कैसे हुयी ? दरअसल जापान के शासक प्रिंस नरुहितो के लिए यह बर्गर तब बनाया गया था जब १ मई को उन्होंने जापान का शासन संभाला. अब इस बर्गर को आम पब्लिक के लिए भी बनाया जा रहा है. इस बर्गर की ब्रेड में गोल्ड के छोटे–छोटे अंश छिड़के गए हैं जिन्हें खाने से कोई नुकसान नहीं होता है. बर्गर का साइज फुटबॉल जितना है. इसे बनाने में कीमती सामग्रियों का प्रयोग किया जाता है. इस एक बर्गर को छह से आठ लोग आराम से खा सकते हैं. साथ में एक वाइन की बोतल भी दी जाती है. टोकियो के ग्रैंड हयात होटल के ऑकॉडोर स्टीकहाउस रेस्तरां में यह बर्गर सर्व किया जा रहा है. इसके बारे में बताते हुए इस बर्गर के शेफ पेट्रिक शिमादा कहते हैं इस बर्गर को बनाते वक्त मैं अपनी जापान की जड़ों से फिर जुड़ा. मैंने यह अमेरिकन स्टाइल बर्गर बनाया वो भी जापान की रेसिपी के साथ.








जापान में एक नया दौर शुरू हुआ है. अब मैं आपको दुबई में बने एक दूसरे बर्गर के बारे में भी बताना चाहूँगा. दुबई में एक बर्गर को ३६,७०० दीनार यानी दस हजार डॉलर लगभग सात लाख रुपये में खरीदा गया. बर्गर के बिक्री से जो रकम प्राप्त हुई उसे स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली संस्था पिंक कैरावन को डोनेट किया गया है. एक नीलामी के दौरान इसकी कीमत ३६,७०० दीनार लगाई गई थी. इस बड़े आयोजन को देखने के लिए दुबई सरकार के कई अधिकारी मौजूद थे जिन्होंने इस नीलामी में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया था. इस बड़े आयोजन की सहायता से पिंक कैरावन संस्था ने स्तन कैंसर की बीमारी से लड़ने के लिए करीब १०८,७५५ दीनार की राशि जमा की गई थी. इससे पहले बर्गर बनाने वाली ब्रिटिश फूड कंपनी रोडरी ने दुबई में विश्व की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा के नाम पर एक बर्गर पेश किया था. इस बर्गर का नाम 'बर्ग खलीफा' रखा गया था. इस बर्गर में मीट की ५ स्लाइसें लगाई गई थी और उनके ऊपर सोने की परत भी लगी हुई थी. इस बर्गर को कंपनी ने सोने का बर्गर कहकर लोगों के सामने पेश किया था दुबई के शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने भी इसका स्वाद चखा था।

# योगी नें कोविड अस्पतालों में इलाज की बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड अस्पतालों में इलाज की बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश देने के साथ ही कहा है कि लगातार सावधानी बरतने पर ही कोविड–१६ के संक्रमण की चेन टूटेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में कोरोना वायरस से संबंधित लक्षण हों या किसी संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आए हों तो तत्काल अपनी जांच कराएं। सीएम योगी ने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के कार्य को और तेज किए जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के माध्यम से कोविड–१६ के प्रसार को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। इसके ष्टिगत यह कार्य अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की




समीक्षा के दौरान कहा कि होम आइसोलेशन में रहने वाले कोविड–१६ मरीजों से नियमित संवाद बनाकर उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते रहें। सीएम योगी ने कहा कि प्रयास किया जाना चाहिए कि कंटेनमेंट जोन में सभी लोगों का कोविड टेस्ट हो जाए। तभी कंटेनमेंट जोन बनाने का उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने कोविड–१६ के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए कोविड अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कानपुर नगर, लखनऊ और वाराणसी के कोविड चिकित्सालयों में बेड की संख्या बढ़ाई जाए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ के कैंसर संस्थान में डेडिकेटेड कोविड चिकित्सालय स्थापित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक जिले में एल–२ कोविड चिकित्सालयों के बेड की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस महामारी से बचाव ही इससे सुरक्षा है। इसे देखते हुए हमें कारगर रणनीति बनाकर उसे प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। आमजन को कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी रखना होगा। सीएम योगी ने कहा कि पूरे प्रदेश में सर्विलांस व्यवस्था को और बेहतर करें। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और डोर टू डोर सर्वे गंभीरता से होना चाहिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के लिए षि संबंधि अन्य सामग्री की सुचारु व्यवस्था भी बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री समय से उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में फसल को हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बाढ़ के ष्टिगत पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बत्ती गुल, दो निलंबित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर डिस्कनेक्शन मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में ईईसीएल के राज्य प्रभारी और एलएंडटी के परियोजना अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बुधवार को उमस भरी गर्मी के बीच प्रदेश के अलग अलग जिलों में स्मार्ट मीटर के लाखों उपभोक्ताओं के घरों की बिजली अचानक गुल हो गयी थी। दोपहर को गुल हुयी बत्ती देर शाम तक बहाल हो सकी थी। इस बीच परेशान उपभोक्ता विद्युत उपकेंद्रों पहुंचे लेकिन कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर डिस्कनेक्शन मामले को गंभीरता से लेते हुये ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने यूपीपीसीएल अध्यक्ष को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भी कहा। भविष्य में इस तरह की गलतियां न हों इसके लिए भी जरूरी कार्रवाई के लिए कहा है। इस बीच देर रात ईईसीएल के परियोजना निदेशक ने बताया कि उपभोक्ताओं की बिजली गलत तरीके से काटे जाने में प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आयी है जिसके बाद ईईसीएल के राज्य प्रमुख और एलएंडटी कंपनी के परियोजना प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर का संचालन लखनऊ स्थित शक्ति भवन के नियंत्रण कक्ष से होता है। गड़बड़ी की सूचना पर देर रात पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम के साफ्टवेयर– हार्डवेयर में तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण स्मार्ट मीटर वाले विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति कुछ घंटे के लिए बंद हुई थी जिसे बहाल कर दिया गया है। उधर, सूत्रों का कहना कि कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मियों ने शरारत या लापरवाही में गलत कमांड दे दिया, जिससे सॉफ्टवेयर के साथ ही हार्डवेयर में भी गड़बड़ी आ गई।

## नहर में उतराया मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शव की शिनाख्त

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र के कनौसी ओवरब्रिज के स्थित नहर में गुरुवार शाम एक शव उतराया मिला। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद अज्ञात में



शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मानक नगर थाना प्रभारी योगेन्द्र प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र के कनौसी ओवरब्रिज के स्थित नहर में एक लगभग २५ वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है। मृतक ने गुलाबी रंग की टी शर्ट व नीले रंग की जीन्स पैन्ट पहन रखी थी और मृतक दाहिने हाथ में एक कड़ा पहनें हुआ था। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद अज्ञात में पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# सिल्वर स्क्रीन पर सलमान फिर बनेंगे टाइगर

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी फिल्म 'टाइगर' फ्रेंचाइजी के तीसरे संस्करण की शूटिंग फरवरी २०२१ में शुरू कर सकते हैं। बलीवुड फिल्मकार आदित्य चोपड़ा जल्द ही टाइगर सीरीज की अगली



फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि 'टाइगर ३' की शूटिंग के लिए सलमान और कैटरीना कैफ तैयार हैं। बताया जा रहा है कि अगले वर्ष फरवरी में 'टाइगर ३' के फ्लोर पर आने की संभावना है। इसका शूटिंग शेड्यूल आठ माह का होगा और कई देशों की अलग–अलग लोकेशन पर यह शूट की जाएगी। बताया जा रहा है कि सलमान खान और आदित्य चोपड़ा के बीच 'टाइगर ३' को लेकर हाल ही में बातचीत हुई। दोनों अपनी इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी के तीसरे संस्करण पर काम शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं। सलमान की आगामी फिल्म 'राधेरू योर मोस्ट वांटेड भाई' के कुछ हिस्से की शूटिंग अभी बाकी है। ऐसे में सलमान पहले इसकी शूटिंग पूरी करेंगे। इसकी शूटिंग पूरी होने के बाद ही 'टाइगर ३' एवं अन्य प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। यदि सब कुछ सही रहा तो २०२२ की ईद में टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म रिलीज कर दी जाएगी। इसके पूर्व सलमान 'एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके हैं।

# अंकिता ने किया सुशांत के परिवार का समर्थन

मुंबई। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे न्याय की लड़ाई में अपने पूर्व प्रेमी अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के परिवार के साथ खड़ी हैं। उन्होंने मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच की मांग को लेकर सुशांत के परिवार का समर्थन किया है। हाल ही में, सुशांत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने ट्वीट किया था, यह समय है जब हमें सच्चाई का पता चले और न्याय मिले।`पया हमारे परिवार और पूरी दुनिया को यह जानने में मदद करें कि सच्चाई क्या है और इसे बंद करें, अन्यथा हम कभी भी शांतिपूर्ण जीवन नहीं जी पाएंगे !!



अपनी आवाज उठाएं और न्याय की मांग करें। समर्थन दिखाते हुए अंकिता ने ट्वीट का जवाब दिया, दीदी, हम सच्चाई का पता लगाएंगे और न्याय प्राप्त करेंगे। सुशांत और अंकिता ने एकता कपूर के टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' के सेट पर मिलने के बाद छह साल तक डेट किया था। अंकिता नियमित रूप से सुशांत के बारे में पोस्ट साझा कर रही हैं। अभिनेत्री ने कई मौकों पर यह भी कहा है कि उन्हें लगता है कि "सुशांत आत्महत्या नहीं कर सकते" हैं। १४ जून को सुशांत मुंबई में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। उनके परिवार ने उनकी गर्लफ्रेंड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने समेत कई आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक